**<u>समाचार</u>**

# <u>नगर के विकास व नागरिक सुविधाओं की बेहतरी से जुड़े 72 करोड़ रू. के प्रस्तावों को स्वीकृत दी एमआईसी ने</u>

## <u>(महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में सम्पन्न हुई निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक)</u>



कोरबा 17 नवम्बर 2025 –नगर पालिक निगम कोरबा की मेयर इन काउंसिल की बैठक में आज नगर के विकास, नागरिक सुविधाओं की बेहतरी से जुड़े लगभग 72 करोड़ रूपये से अधिक लागत के कार्यो सहित विभिन्न पेंशन योजनाओं आदि से संबंधित लगभग 02 दर्जन से अधिक प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। सड़क, नाली, पेयजल, सड़क रोशनी व्यवस्था आदि से संबंधित कार्यो एवं शासन की विभिन्न पेंशन व आर्थिक सहायता प्रदान करने वाली योजनाओं के हितग्राहियों की स्वीकृत दी गई, वहीं बैठक में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो सहित निगम के विविध कार्यो की विस्तार से समीक्षा भी की।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता व निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित हुई, बैठक में लगभग 02 दर्जन से अधिक प्रस्तावों को स्वीकृत प्रदान की गई तथा प्रस्तावों पर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान अधोसंरचना मद से नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विकास कार्यो को स्वीकृति, वार्ड क्र. 30 दादर रोड कलवर्ट से मानिकपुर मुक्तिधाम तक कलवर्ट व नाली निर्माण, वार्ड क्र. 56 अंतर्गत दर्री जोन पीएमएवाई

साईड से लाटा तालाब तक आर.सी.सी. नाली निर्माण, पोड़ीबहार चर्च से हनुमान मंदिर तक आर.सी.सी.निर्माण, मेमन शाप से रेलवे घाट तक 100 बेड हास्पिटल के सामने आर.सी.सी. नाली निर्माण, निगम के पं.रविशंकर शुक्लनगर कोसाबाड़ी व कोरबा जोन में स्ट्रीट लाईट प्रदाय व स्थापना कार्य, दर्री सर्वमंगला नगर जोन में स्ट्रीट लाईट प्रदाय व स्थापना कार्य, जल आवर्धन योजना संचालन संधारण कार्य, बुधवारी सर्कस मैदान स्थल पर कामर्शिलय काम्पलेक्स निर्माण संबंधी प्रस्ताव, नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत समस्त जोन अंतर्गत विभिन्न वार्डो में जर्जर सड़कों का डामरीकरण संबंधी कार्य, निगम क्षेत्रांतर्गत नगरोत्थान व अधोसंरचना मद से जर्जर मुख्य सड़कों का डामरीकरण सहित अन्य विकास व निर्माण कार्यो के कुल लगभग 72 करोड़ रूपये के प्रस्तावों को मेयर इन काउंसिल द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार निगम में रिक्त पदों की पूर्ति, प्लेसमेंट कर्मचारियों के पारिश्रमिक दर में वृद्धि, बरबसपुर में नया ट्रांसपोर्टनगर निर्माण, बी.ओ.टी. व पी.पी.पी.मॉडल अंतर्गत एकीकृत बिल्डिंग सुविधा सहित अन्य कार्य, मुख्यमंत्री पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना आदि सहित अन्य विविध प्रस्तावों पर मेयर इन काउंसिल द्वारा विस्तृत चर्चा उपरांत आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान एमआईसी सदस्य फिरतराम साहू, अजय गोंड़, अजयकुमार चन्द्रा, सरोज शांडिल्य, धनकुमारी गर्ग, उर्वशी राठौर, ममता यादव, भानुमति जायसवाल, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त पवन वर्मा व नीरज कौशिक, लेखाधिकारी भवकांत नायक, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, तपन तिवारी, एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, सुनील टांडे, कार्यपालन राकेश मसीह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, अरविंद सिंह आदि उपस्थित थे।